# असली दिखाकर थमा देते थे नकली सोना

## पुलिस के हत्थे चढ़ा अंतरराज्यीय ठग गिरोह, सवा करोड़ की ठगी का पर्दाफाश



**कटनी, देशबन्धु।** चालाकी से असली सोना दिखाकर नकली सोना देकर ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। जबलपुर पुलिस की क्राइम ब्रांच ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को उत्तर प्रदेश के झांसी से गिरफ्तार किया है। ये आरोपी एक ही परिवार के हैं। यह भी पता चला है कि इस गिरोह ने कटनी में भी वारदात को अंजाम दिया था। कटनी बस स्टैंड क्षेत्र में आरोपियों ने 12 लाख रुपए प्रति किलो के हिसाब से करीब 7 किलोग्राम नकली सोना देकर लोगों को ठगी का शिकार बना लिया था। इसी तरह से नई बस्ती आदर्श कॉलोनी निवासी एक निजी चिकित्सक को भी करीब 25 लाख रुपए का चूना लगाया गया। आरोपियों ने खिरहनी ओवर ब्रिज के पास असली सोने की गिन्नियां दिखाकर नकली गिन्नियां थमा दी थीं। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी गड़ा धन मिलने का झांसा देकर लोगों को जाल में फंसाते थे।

**असली सोना दिखाकर जीतते थे भरोसा**- पहले असली सोना दिखाकर भरोसा जीतते और फिर सौदे के वक्त नकली सोना थमा देते थे। इस तरह गिरोह ने अलग-अलग मामलों में करीब डेढ़ करोड़ रुपए की ठगी की है। क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 1 करोड़ 55 लाख रुपए नकद, 84 ग्राम असली सोने की गिन्नियां, लगभग 20 किलोग्राम नकली सोना तथा 11 मोबाइल फोन जब्त किए हैं। आरोपियों की पहचान पन्नालाल राजोर (70), धर्मेंद्र (34), वीरेंद्र (30) और रामाची (2) के रूप में हुई है। ये आरोपी हरियाणा के फरीदाबाद जिले के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी पनागर क्षेत्र में किराए के मकान में रहकर ठगी का नेटवर्क चला रहे थे और यहीं से नकदी व सामान बरामद किया गया। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर झांसी में दबिश देकर सभी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा ने बताया कि मामले में और भी खुलासे होने की संभावना है तथा गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है। वहीं, कटनी के निजी चिकित्सक को भी पूछताछ के लिए बुलाया गया है।



## वेस्ट रेलवे यूनियन ने एएसपी को सौंपा ज्ञापन, अपराधियों पर अंकुश लगाने की मांग

# चोरों के निशाने पर रेलवे कॉलोनियां



**कटनी, देशबन्धु।** कटनी की रेलवे कॉलोनियां चोरों के निशाने पर हैं। कोई ऐसा दिन नहीं जाता जब किसी घर में चोरी की वारदात न हो। पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर रेलमंडल के कटनी में सभी रेल कालोनियों में पिछले कुछ माह से रेल आवासों में चोरी की घटनाएं बढ़ गई हैं, जिससे हजारों कर्मचारी व उनका परिवार काफी भयभीत व दुखी है, जिसे देखते हुए 7 अप्रैल मंगलवार को वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन (डबलूसीआरईयू) का प्रतिनिधि मंडल एएसपी से मुलाकात की और उन्हें घटनाओं से अवगत कराते हुए अपराधियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन की पांचों शाखाओं द्वारा एनकेजे/कटनी/कटनी साउथ/मुड़वारा परिक्षेत्र के रेल आवासों में विगत समय से हो रही चोरियों की समस्याओं एवं चोरी की हुई सामानों की उगाही एवं चोरियों पर अंकुश लगाने जैसी समस्याओं की निराकरण के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय कटनी को ज्ञापन सौंपा गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में उपस्थित एएसपी डॉ. संतोष डेहरिया से मुलाकात कर नकज/एसकेपी/साउथ/ मुड़वारा एवं कटनी परिक्षेत्र में स्थित रेल आवास परिक्षेत्र में पेट्रोलिंग कराने, सभी एफआईआर पर उचित कार्रवाई कर सामानों की उगाही कराने की मांग रखी। एएसपी डॉ. डेहरिया द्वारा त्वरित कार्यवाही कराते हुए एफआईआर की निराकरण साथ ही रेल आवास परिक्षेत्र में पेट्रोलिंग कराने का आश्वासन दिया गया।पुलिस अधीक्षक कार्यालय कटनी में उपस्थित डबलूसीआरईयू कटनी 2 शाखा से कॉ. पंकज कुमार वर्मा, कटनी 3 शाखा से कॉ. बलवंत बजेठा, नकज शाखा से कॉ. नरेंद्र पटेल, कटनी 1 शाखा से कॉ. मनीष झरिया, डीज़ल शाखा से कॉ. संतोष, कॉ. अनिल बागड़ी, कॉ. रमाशंकर के साथ अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सार-समाचार

## सलैया स्टेशन में ट्रेनों के ठहराव के लिए सांसद को सौंपा ज्ञापन



**बाकल, देशबन्धु।** खजुराहो संसदीय क्षेत्र के सांसद वीडी शर्मा के बाकल अल्प प्रवास के दौरान स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। स्वागत उपरांत कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रीय नागरिकों ने सलैया रेलवे स्टेशन पर प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर सांसद को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में विशेष रूप से रीवांचल एक्सप्रेस (रीवा से भोपाल) तथा गोंडवाना एक्सप्रेस (जबलपुर से दिल्ली) के सलैया स्टेशन पर स्टॉपेज की मांग रखी गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन ट्रेनों के ठहराव से क्षेत्र के यात्रियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी।इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. पीयूष अग्रवाल, सुरेन्द्र सिधाई, रमेश जैन, नारायण सिंह लोधी, गोविंद चौधरी, सतीश अग्रवाल, नंद किशोर पटेल, केके पटेल, अजय साहू, अखिलेश जैन, सुरेन्द्र सोनकर अमित जैन, सुनील यादव, जालिम पटेल, रवि जैन, संजीव जैन सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जन उपस्थित रहे।

## ग्राम कुसेरा में जल मंदिर के अंतर्गत निःशुल्क प्याऊ शुरु

**कटनी, देशबन्धु।** विकासखंड ढीमरखेड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत मढ़ाना के पोषित ग्राम कुसेरा (वन चौकी के पास) में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था प्रयास सेवा संगठन इमलिया (सेक्टर नंबर 05 धरवारा) के माध्यम से जल मंदिर के अंतर्गत निःशुल्क शुद्ध पेयजल प्याऊ का संचालन शुरू किया गया। यह कार्यक्रम जिला समन्वयक डॉ. तेज सिंह केशवाल के निर्देशन एवं ब्लॉक समन्वयक बबीता शाह के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कुसेरा के सहयोग से सेक्टर प्रभारी कोदू लाल हल्दकार द्वारा प्याऊ संचालित किया गया, जिससे राहगीरों एवं ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। इस अवसर पर नवांकुर संस्था के सेक्टर प्रभारी कोदू लाल हल्दकार एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राएं, परामर्शदाता सुमित सिंह ठाकुर एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान आगामी कार्ययोजना के तहत पुतरिया नाला के गहरीकरण को जनभागीदारी से पूर्ण करने पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

## किसानों को ई विकास प्रणाली से खाद उपलब्ध कराने दिया गया प्रशिक्षण




**बहोरीबंद, देशबन्धु।** जनपद पंचायत सभागार में एसडीएम राकेश चौरसिया व उपसंचालक कृषि मनीष मिश्रा की मौजूदगी में किसानों को ई विकास वितरण प्रणाली से खाद उपलब्ध कराने के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें पैक्स समिती प्रबन्धक जिला सहकारी समिति प्रबन्धक डबल लॉक केंद्र प्रभारी पटवारी सचिव व रोजगार सहायक शामिल हुए आयोजित प्रशिक्षण शिविर में किसानों को ई विकास प्रणाली के तहत खाद का वितरण कैसे किया जाये मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से सभी को मैनुअली दिखाकर समझाया गया इस दौरान एसडीएम व उपसंचालक ने बताया सरकार सबसे ज्यादा सब्सिडी खाद पर देती है द्य खाद लेने के लिए किसान परेशान न हो इसलिए सरकार द्वारा 1 अप्रेल से ई विकास वितरण प्रणाली लागू की गई है द्य जिसके तहत अब किसानों को खाद के लिए लाइन में नहीं लगना पड़ेगा पोर्टल के माध्यम से खाद लेने के लिए ऑनलाइन पंजीयन होगा प्रशिक्षण शिविर में कृषि विभाग के वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित रहे।

# बिना परमिट और फिटनेस के दौड़ रहे थे 9 वाहन



परिवहन विभाग की सख्त कार्रवाई से हड़कम्प, मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई, थाने में खड़ी करवाई गईं जब्त गाड़ियां

**कटनी, देशबन्धु।** परिवहन नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन लगातार सख्त कदम उठा रहा है। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश एवं मार्गदर्शन में अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष पॉल द्वारा आज दूसरे दिन भी सघन जांच अभियान चलाया गया। कटनी-कैमोर रोड पर चलाए गए इस अभियान के दौरान सड़क से गुजर रहे वाहनों की बारीकी से जांच की गई। जांच में दो दर्जन से अधिक वाहनों को चेक किया गया, जिनमें से 9 वाहनों में विभिन्न प्रकार की अनियमितताएं पाई गईं। नियमों का उल्लंघन करने वाले सभी वाहनों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इनमें से 5 वाहनों को थाना कुठला में सुरक्षित रखा गया, जबकि 4 वाहनों को थाना कैमोर में खड़ा कराया गया। इस कार्रवाई से नियम तोड़ने वालों में हड़कम्प मच गया।

**बिना परमिट के दौड़ रहे ट्रक-बस**

अभियान के दौरान एक ट्रक बिना वैध परमिट के संचालित पाया गया, जिसे मौके पर ही जब्त कर लिया गया। वहीं दो यात्री बसें बिना परमिट, फिटनेस प्रमाणपत्र और टैक्स के संचालित होती मिलीं, जिन पर तत्काल कार्रवाई करते हुए उन्हें थानों में सुरक्षित रखा गया।

**ओवरलोडिंग पर भी सख्ती**

जांच के दौरान कई वाहनों में निर्धारित सीमा से अधिक भार पाया गया। ओवरलोडिंग को गंभीर मानते हुए ऐसे वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई और उन्हें जब्त किया गया। आरटीओ अधिकारी श्री पॉल ने स्पष्ट किया कि ओवरलोडिंग से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता है और सड़कें भी क्षतिग्रस्त होती हैं।

**अभियान सतत जारी रहेगा : संतोष पाल**

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष पॉल ने कहा कि जिले में यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने वाहन चालकों और मालिकों से अपील की है कि वे बिना परमिट, बिना फिटनेस और बिना टैक्स के वाहन न चलाएं तथा ओवरलोडिंग से बचें। अभियान के दौरान कुछ समय के लिए सड़क पर वाहनों की कतार लगी, लेकिन आम नागरिकों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना की। लगातार दूसरे दिन हुई इस कार्रवाई से साफ है कि जिला प्रशासन सड़क सुरक्षा को लेकर पूरी तरह गंभीर है।

# फ्रांस से आए पर्यटकों ने उठाया होम-स्टे का लुत्फ

### रिवतौली और कोनिया गांव में ठहरकर संस्कृति से हुए रूबरू




**कटनी, देशबन्धु।** मानव जीवन विकास समिति सचिव निर्भय सिंह के नेतृत्व में संचालित मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड की महत्वाकांक्षी योजना ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा मिल रहा हैं। ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने गांव में होम-स्टे का निर्माण कर रंग रोगन कर आकर्षक बनाया जा रहा है। गांव में होम-स्टे डेवलप कर अतिथियों को आवास सुविधा उपलब्ध कराते हुए ग्रामीण संस्कृति और कल्चर से रूबरू कराने के साथ साथ आसपास के टूरिस्ट जगह का भ्रमण कराना शामिल है। ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने फ्रांस से 4 विदेशी मेहमान ग्वेन्डोलिन डेलेपियरे (महिला), माएल एरिक कोकॉल्ट (पुरुष, आर्मेल यवोन मैरी जोसेफ लेटोर्ट (महिला), यवेस थिएरी फिलिप कोकॉल्ट (पुरुष) भारत भ्रमण के दौरान मध्यप्रदेश के कटनी जिले के खितौली और कोनिया गांव में तथा उमरिया जिले के दमना और मरईकला गांव में तैयार होम-स्टे में रुके। यहां पर ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया और होमस्टे में रुकवाया गया जहां पर ग्रामीण पर्यटन से जुडी विभिन्न गतिविधियों में शामिल होकर पर्यटक आनंद लिया।

## 15 अप्रैल को होगा नगर निगम का सामान्य सम्मेलन, कई अहम प्रस्तावों पर होगी चर्चा

**कटनी, देशबन्धु।** नगर पालिक निगम कटनी का सामान्य सम्मेलन 15 अप्रैल 2026 को दोपहर 12 बजे निगम सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में शहर के विकास, कर निर्धारण, बजट एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर निर्णय लिए जाएंगे। सम्मेलन की कार्यसूची के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 के पुनरीक्षित बजट एवं वर्ष 2026-27 के प्रस्तावित बजट पर विचार किया जाएगा। इसके साथ ही जलकर से संबंधित अधिभार, संपत्तिकर निर्धारण में संशोधन तथा कर योग्य संपत्तियों के मूल्य में वृद्धि जैसे मुद्दे भी एजेंडे में शामिल हैं। बैठक में नगर निगम द्वारा जारी किए जाने वाले ट्रेड लाइसेंस के वार्षिक शुल्क में संशोधन तथा नए व्यवसायों को पोर्टल में शामिल करने का प्रस्ताव भी रखा जाएगा। वहीं सौर ऊर्जा से जुड़े भवनों को संपत्तिकर में छूट देने के विषय पर भी चर्चा संभावित है। इसके अलावा वीर सावरकर वार्ड क्रमांक 12 के अनुसूचित वर्ग परिवारों की बस्ती का नाम संत रविदास नगर किए जाने का प्रस्ताव भी विचारार्थ प्रस्तुत होगा। सम्मेलन में जनहित से जुड़े अन्य विषयों पर भी चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे। नगर निगम प्रशासन ने सभी पार्षदों से निर्धारित समय पर उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने की अपील की है।

# घोषणा के बावजूद ढीमरखेड़ा क्षेत्र में नहीं हो पाई उद्योगों की स्थापना



9 वर्षों पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री ने की थी घोषणा

**उमरियापान, देशबन्धु।** 10 अगस्त 2016 को तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा ढीमरखेड़ा क्षेत्र में उधोग स्थापना की घोषणा की गई थी। वह 9 वर्षों बाद भी अधूरी पडी है। जिससे क्षेत्र के बेरोजगारों को रोजगार की तलाश में प्रदेश के अन्य शहरों या दूसरों राज्यों का रुख करना पड रहा है। बताया जाता है घोषणा पर उद्योग विभाग की ओर से क्षेत्र में कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। जिसके चलते उद्योगों के लिए आवंटित जमीन पर अतिक्रमण शुरू हो गए। कई स्थानों पर खेती होने लगी, तो कहीं मकान और बाड़े तक खड़े हो गए। तीन वर्ष पहले तत्कालीन कलेक्टर विशेष गढ़पाले ने उक्त घोषणा के संबंध में राजस्व, वन एवं ग्राम पंचायत विभागों को निर्देश दिए थे। सभी विभागों से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेकर आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी की गई थीं। लेकिन नतीजा सिफर ही रहा। प्राप्त जानकारी अनुसार उद्योग स्थापना हेतु ग्राम देवरी, मुरवारी, सनकुई, गनियारी, दशरमन, गूडा और गोपालपुर के बीच लगभग 1000 एकड़ भूमि आवंटित की गई थी। इतने बड़े क्षेत्र में उद्योग स्थापित होने से हजारों युवाओं को बेहतर रोजगार मिलने की उम्मीद जगी थी। वह समय के बीतने के साथ ही अब धुंधली हो गई है। वहीं क्षेत्र में रोजगार के साधन नहीं होने के कारण बेरोजगारों का पलायन करना मजबूरी बना हुआ है। जिस पर जिम्मेदारों द्वारा गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जा रहा। जिससे क्षेत्र में उधोग स्थापना की घोषणा धरातल में नहीं उतर पा रही है। क्षेत्रीय ग्रामीणों ने कलेक्टर आशीष तिवारी का इस ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए क्षेत्र में उधोग स्थापना की मांग की गई है। ताकि रोजगार के अवसर पैदा होने पर क्षेत्र के बेरोजगारों को इसका लाभ मिले सके।

# जनता के कामों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

## समय सीमा बैठक में कलेक्टर ने दिए तीन अधिकारियों को नोटिस

**कटनी, देशबन्धु।** कलेक्टर आशीष तिवारी ने सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में रूचि नहीं लेने वाले उपसंचालक खनिज और सहकारिता बैंक नोडल जयति बिलथारिया को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार उन्होंने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत तय समय-सीमा के भीतर आवेदनों का निराकरण न करने पर तहसीलदार स्लीमनाबाद आकाशदीप नामदेव को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हररिमरनप्रीत कौर मौजूद रहीं। कलेक्टर श्री तिवारी ने पीएम सोलर योजना के लक्ष्य को पूरा करने के लिए विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता शहर को मीटर रीडर्स से इच्छुक उपभोक्ताओं की लिस्ट बनवाकर वेंडर्स के साथ इस लिस्ट को साझा करने के निर्देश दिए। इसी तरह उन्होंने उपसंचालक कृषि को वेंडर्स की बैठक आयोजित कर सोलर पंप योजना के लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करने निर्देशित किया।

कलेक्टर श्री तिवारी ने सीमांकन, बंटवारा और फार्मर आईडी रजिस्?ट्री की तहसीलवार समीक्षा की और राजस्व अधिकारियों को इनके निराकरण में तेजी लाने की हिदायत दी। उन्होंने वन विभाग को वनाधिकार पट्टे के अंतर्गत फौती कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री तिवारी ने सभी जनपद पंचायतों के सीईओ को समग्र ई-कवाईसी का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने समग्र में सुधार हेतु प्रस्ताव भेजने हेतु भी निर्देशित किया। बैठक के दौरान जिला श्रम अधिकारी ने जानकारी देते हुये बताया कि जिले में संबल योजना के अंतर्गत पंजीयन हेतु



13 हजार नवीन प्राप्?त आवेदन लंबित है। जिस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने पात्र आवेदकों के पंजीकरण स्वीकृत करने के निर्देश दिए। जनगणना 2027 की समीक्षा करते हुये कलेक्टर श्री तिवारी ने सभी तहसीलदारों और जनपद पंचायतों के सीईओ को मकान नंबरिंग का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में संपूर्णता अभियान, लंबित पेंशन प्रकरणों और जन्म मृत्यु प्रमाण पत्रों के लंबित आवेदनों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री तिवारी ने खनिज विभाग को संबंधित क्षेत्र के एसडीएम के नेतृत्व में अवैध रेत से जुड़ी सभी शिकायतों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

**सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा**

कलेक्टर श्री तिवारी ने खेल, नवीन और नवीकरणीय उर्जा, पीडब्ल्यूडी, स्कूल शिक्षा, कृषि, जलसंसाधन, श्रम, आदिम जाति कल्याण विभाग, पीएचई, सामाजिक न्याय, खाद्य विभाग के अंतर्गत लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा करते हुये अधिकारियों को शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा करते हुये प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना और जननी सुरक्षा योजना से संबंधित शिकायतों के शीघ्र निराकरण के निर्देश सीएमएचओ को दिये।

**किसानों के साथ क्लस्टरवार बैठक करें**

कलेक्टर श्री तिवारी ने हॉर्टीकल्चर विभाग की योजनाओं से किसानों को लाभान्वित करने के लिए एसडीएम की अध्यक्षता में जनपद सीईओ और किसानों के साथ क्लस्टर वार बैठक आयोजित करने के निर्देश हॉर्टीकल्चर विभाग के परियोजना अधिकरी संत कुमार त्रिपाठी को दिए। इन बैठकों में कलेक्टर श्री तिवारी औचक रूप से शामिल होंगे।

**एचपीवी टीकाकरण में लायें तेजी**

एचपीव्ही टीकाकरण अभियान की समीक्षा करते हुये कलेक्टर श्री तिवारी ने सभी बीएमओ को टीकाकरण कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को स्कूलों में अटेंडेंस बढ़ाने की हिदायत देते हुये स्वास्थ्य विभाग को टीम बनाकर स?कूलों में एचपीव्ही टीकाकरण का कार्य करने के निर्देश दिए।

**बैठक में इनकी रही मौजूदगी**

बैठक के दौरान संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, सहायक आयुक्त आदिम जाति विमल चौरसिया, उपसंचालक पशुपालन डॉ. आरके सोनी, सहायक संचालक मत्स्योद्योग आशीष नायक, जिला रोजगार अधिकारी डीके पासी, सीएमएचओ डॉ. राज सिंह ठाकुर, जिला पंजीयक पंकज कोरी, जिला आबकारी अधिकारी विभा मरकाम, उद्योग विभाग की महाप्रबंधक ज्योति सिंह चौहना, जिला पेंशन अधिकारी नीतू गुप्ता, सिविल सर्जन यशवंत वर्मा, मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी सुधांशु तिवारी, लोकसेवा के जिला प्रबंधक दिनेश विश्वकर्मा, उपसंचालक कृषि अरूणिमा सेन अयंगर सहित अन्य जिलाधिकारी मौजूद रहे।